दिनांक 26.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

//स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार//

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त के.एल. चौहान ने स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षा विभाग को निगम क्षेत्र के अन्तर्गत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से संपर्क स्थापित कर इस मिशन के अन्तर्गत दिये जाने वाले पुरस्कार के संबंध में व्यक्तिगत मिलकर इसकी जानकारी देवे।

निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारी शिक्षा के द्वारा सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पुरस्कारों हेतु चयन की कार्यवाही नगर पालिक निगम भिलाई की टीम 29 एवं 30 दिसम्बर को शाला समय पर करेगी। सभी संस्था प्रमुखों एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समितियों से अनुरोध है, कि इसमें शामिल होकर सबसे पहले MoHUA App डाउनलोड करें, अस्वच्छता की स्थिति होने पर इसकी एप द्वारा फोटो खींचकर शिकायत करेंगे। समस्त वार्ड पार्षद शाला प्रबंधन समितियॉ और अन्य जनप्रतिनिधि निम्न बिन्दुओं पर शैक्षणिक परिसरों का मूल्यांकन कर अनुशंसा सहित शिक्षा विभाग नगर निगम में प्रतिष्ठियॉ प्रेषित करेंगे ताकि पुरस्कारों हेतु चयन किया जा सके।

पुरस्कार प्रदान करने हेतु संस्था में उपलब्ध संसाधन और उनका रखरखाव, संस्था में कार्यरत सफाई कर्मी, संस्था के कक्षों की संख्या और क्षेत्रफल, संस्था में जल की उपलब्धता व उपयोग, संस्था का स्थापना वर्ष और मरम्मत कार्यो की स्थिति, संस्था की रंगाई पुताई कब–कब हुई है, शौचालयों और मूत्रालयों की संख्या और उपयोग की स्थिति, आसपास के क्षेत्र और आवासीय वातारण का प्रभाव, संस्था प्रमुख की भूमिका जनभागीदारी प्राप्त करने में, संबंधित विभागों से प्राप्त सहयोग की स्थिति। उपरोक्त प्रत्येक बिन्दु पर 10 अंक होगे तद्नुसार कार्यवाही से अवगत करावे।

नगर पालिक निगम, भिलाई के प्रभारी शिक्षा अधिकारी ने स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के संबंध में सभी शैक्षणिक संस्थाओं में स्वच्छता पर आधारित निबंध लेखन, नारा, स्लोगन, चित्रकारी (पोस्टर) की प्रतियोगितायें आयोजित कर प्रथम और द्वितीय रहे प्रतिभागियों की सूची और उनकी कृतियां 30.12.2017 तक अनिवार्यः शिक्षा विभाग नगर पालिक निगम, भिलाई में जमा करे।

जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम, भिलाई